प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- सीआरपीएफ ने अपनी ऑपरेशनल कार्यप्रणाली में किया रिकॉर्ड सुधार– इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार अगले महीने से शुरू करेगी मुख्यमंत्री का अपना परिवार, सुखी परिवार योजना।
- दिवंगत विधायक नंद लाल का आज रामपुर में उनके पैतृक गांव में होगा पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार।
- नशामुक्त हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा सेवाएं व खेल विभाग प्रदेश में चलाएगा खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान।
- प्रदेश में ट्राऊट मछली पकड़ने या अखेट पर चार महीने के लिए रहेगा पूर्ण प्रतिबंध।

प्रधानमंत्री–सीआरपीएफ

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब पिछले 47 वर्षों में उसने लगातार 12 महीनों तक किसी भी अभियान में एक भी जवान को नहीं खोया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक असाधारण उपलब्धि बताया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह आंकड़ा अपने आप में बहुत कुछ कहता है। सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने भी इस बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिछले साल 30 अक्टूबर के बाद से अब तक किसी भी ऑपरेशन में बल का कोई जवान शहीद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बेहतर उपकरण, अत्याधुनिक प्रशिक्षण, सटीक रणनीति और घायल जवानों को जल्द अस्पताल पहुंचाने जैसी पहलों से यह संभव हुआ है। इसके अलावा बड़े अभियानों के दौरान चौबीस घंटे हेलीकॉप्टर और एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी काफी मददगार साबित हुई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार अगले महीने से मुख्यमंत्री का अपना परिवार, सुखी परिवार योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत गरीब परिवार की पात्र महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चंबा के चुवाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि योजना के तहत लाभार्थियों को तीन सौ यूनिट मुफ़्त बिजली और स्वास्थ्य बीमा कार्ड के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने दावा किया कि इस योजना से भटियात विधानसभा क्षेत्र के लगभग दस हजार पात्र परिवारों की 20 हजार महिलाएं लाभान्वित होंगी। उन्होंने इस मौके पर चुवाड़ी में सिविल कोर्ट और क्षेत्र में सीबीएसई संबंद्ध स्कूल खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 10 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर पूर्व भाजपा सरकार पर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने और सुशासन के हर मोर्चे पर विफल रहने का भी आरोप लगाया।

नंद लाल

रामपुर के विधायक व सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल का आज रामपुर में उनके पैतृक गांव देवठी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। नंद लाल के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित विभिन्न नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इससे पूर्व नंद लाल के पार्थिव शरीर को बीती रात रामपुर के परिधि गृह में अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया जहां कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इसके पश्चात

उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव देवठी ले जाया गया। नंद लाल का लंबी बीमारी के बाद बीते रोज शिमला स्थित चमियाना अस्पताल में 72 साल की उम्र में निधन हो गया था।

दिवाली तैयारियां

दीपों के पर्व दिवाली की तैयारियां इन दिनों प्रदेश में जोरों से है। प्रदेशभर के सभी छोटे–बड़े बाजार दीपावली की खरीददारी की रौनक से भरे हुए हैं और लोग अन्य चीजों के साथ पट्टाखे और आतिशवाजियों की खरीददारी भी कर रहे हैं। दिवाली के मौके पर होने वाली आतिशवाजी से अकसर आग लगने का खतरा बना रहता है। ऐसे में राज्य के अग्निशमन विभाग ने भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। चंबा जिला में अग्निशमन विभाग ने अभी से अपने जवानों और उपकरणों को अलर्ट मॉड पर रख दिया है और कर्मचारियों की छुट्टियां भी बंद कर दी हैं। अग्निशमन अधिकारी राकेश ठाकुर ने कहा कि दिवाली के दौरान किसी भी अग्निकांड की घटना से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है।

उधर बिलासपुर शहर में स्थानीय प्रशासन ने दिवाली के दौरान पटाखों की बिक्री के लिए पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर के बास्केटबॉल मैदान और नगर परिषद कार्यलय परिसर के मैदान को निर्धारित किया है।

खेलो हिमाचल

प्रदेश का युवा सेवाएं व खेल विभाग नशामुक्त हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेशभर में खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान का आयोजन करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को खेल गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक कामों में लगाना और उन्हें नशे से दूर रखना है। विभाग के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस पहल के माध्यम से युवाओं में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच भी उपलब्ध होगा। इस चैंपियनशिप में क्रिकेट, वालीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताएं पुरूष व महिला वर्ग में अलग–अलग आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 30 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता उपमंडल और जिला व राज्य स्तर पर आयोजित होगी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए नगद पुरस्कारों का भी प्रावधान किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी प्रदेश सरकार के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से निशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं।

ट्राऊट मछली

ट्राऊट मछली के प्रजनन काल के चलते प्रदेश के सभी नदी–नालों में अगले चार महीनों के लिए ट्राऊट मछली पकड़ने अथवा अखेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ये प्रतिबंध पहली नवंबर से 28 फरवरी 2027 तक प्रभावी रहेगा और इसका उलंघन करने वालों पर कानून के तहत कार्रवाई होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट.....

युवा संसद

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय चंबा में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय था **एक राष्ट्र–एक चुनाव।** युवाओं ने इस दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। माय भारत के जिला युवा अधिकारी राहुल गर्ग ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद युवाओं को अपनी प्रतिभा और विचारों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवा वर्ग अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

.मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है **अगले महीने से सभी पात्र महिलाओं को मिलेंगे 15 सौ रूप्ए–300 यूनिट मुफ्त बिजली भी देंगे।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **15 रूपए 50 पैसे प्रति यूनिट दर से राजस्थान को बिजली बेचेगा हिमाचल।**

साइबर फ्रॉड की जांच के नाम पर पूरा सैलरी अकाउंट फ्रीज करना गैरकानूनी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **हाईकोर्ट के निर्देश, केवल विवादित रकम पर ही लगाई जाए रोक।**

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- सीआरपीएफ ने अपनी ऑपरेशनल कार्यप्रणाली में किया रिकॉर्ड सुधार– इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार अगले महीने से शुरू करेगी मुख्यमंत्री का अपना परिवार, सुखी परिवार योजना।

- दिवंगत विधायक नंद लाल का आज रामपुर में उनके पैतृक गांव में होगा पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार।

- नशामुक्त हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा सेवाएं व खेल विभाग प्रदेश में चलाएगा खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान।

- प्रदेश में ट्राऊट मछली पकड़ने या अखेट पर चार महीने के लिए रहेगा पूर्ण प्रतिबंध।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार